नेशनल सेमिनार, मिशन प्रेरणा एवं सी0एस0आर0 कॉन्क्लेव के समापन समारोह दिनांक 05 मार्च, 2020 हेतु प्रेस नोट

- बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्थापित **'प्रेरणा मिशन स्टॉल'**, **'आपरेशन कायाकल्प स्टॉल'**, **'स्मार्ट क्लासेज स्टॉल'** और **'महत्वाकांक्षी जनपद स्टॉल'** का महामहिम श्री राज्यपाल द्वारा भ्रमण कर इन सभी कार्यक्रमों के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।
- अपर मुख्य सचिव (बेसिक शिक्षा), श्रीमती रेणुका कुमार द्वारा महामहिम श्री राज्यपाल का स्वागत किया गया एवं इस नेशनल सेमीनार **'मिशन प्रेरणा'** एवं सी0एस0आर0 कॉन्क्लेव का संक्षिप्त परिचय दिया गया।
- राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों में **मूलभूत अवस्थापना सुविधाएं** सुनिश्चित करने हेतु **'आपरेशन कायाकल्प'** के अन्तर्गत **प्रथम वरीयता** के आधार पर परिषदीय विद्यालयों को **संतृप्त** करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त 1.59 लाख परिषदीय विद्यालयों को ब्लैकबोर्ड, बालक एवं बालिकाओं के लिए पृथक–पृथक शौचालय एवं मूत्रालय, सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल, ग्रुप हैण्डवाशिंग यूनिट, कक्षा–कक्ष की फ्लोरिंग, विद्यालय के परिसर एवं कक्षा–कक्ष की रंगाई–पुताई, फर्नीचर एवं चहारदीवारी से संतृप्त किया जा रहा है।
- छात्र–छात्राओं में पढ़ने की आदत विकसित करने हेतु सभी विद्यालयों में **पुस्तकालय** की स्थापना की गयी है तथा एन0सी0ई0आर0टी0 के माध्यम से पुस्तकें प्राप्त की जा रही है। इसके अतिरिक्त छात्र–छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु **स्पोर्ट्स सामग्री/उपकरण** क्रय करने हेतु धनराशि विद्यालयों को उपलब्ध करायी गयी है।
- प्रत्येक क्षेत्र में जेण्डर गैप को समाप्त किये जाने की अत्यन्त आवश्यकता है। **बालिकाओं के सशक्तीकरण** हेतु समस्त विद्यालयों में **'मीना मंच'** के कार्यक्रम, **'आत्मरक्षा प्रशिक्षण' तथा 'जीवन कौशल विकास'** के कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। **'मीना मंच'** के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं का महामहिम श्री राज्यपाल द्वारा सम्मान किया गया।
- नेशनल कॉन्क्लेव में प्रतिभाग कर रहे **'कारपोरेट सेक्टर' की 13 संस्थाओं** के सम्मानित प्रतिनिधियों से और इसी प्रकार प्रदेश के अन्य जनपदों में कारपोरेट सेक्टर के अन्य प्रतिनिधियों से उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में **लगभग रु. 114 करोड़** का अतिरिक्त निवेश करने की सहमति प्राप्त हुई है, जो प्रदेश में बेसिक शिक्षा के विकास में सहायक होगा। एम0ओ0यू0 हस्ताक्षर करने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं और सी0एस0आर0 कम्पनियों के प्रतिनिधियों का महामहिम श्री राज्यपाल द्वारा सम्मान किया गया।
- सेमीनार तथा कान्क्लेव में नीति आयोग तथा आन्ध्र प्रदेश सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा भी प्रतिभाग कर प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त जनपद फतेहपुर, गोरखपुर, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, बलरामपुर, देवरिया, गाजियाबाद, फरूर्खाबाद, मुरादाबाद, कौशाम्बी, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, जालौन, हरदोई, सोनभद्र के मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा भी प्रतिभाग कर अपने जनपद के 'बेस्ट प्रेक्टिसेज' के सम्बन्ध में प्रस्तुति दी गयी।

––––